**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**08.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा– भारत निर्वाचन आयोग ने नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए संशोधित दिशा–निर्देश किए जारी।
- राज्य चुनाव विभाग ने मंडी के साइक्लिस्ट जसप्रित पाल को बनाया स्टेट इलेक्शन आइकॉन– युवाओं को मतदान के प्रति करेंगे जागरूक।
- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार– स्वच्छ छवि वाले नेताओं को दिया जाएगा टिकट।

**और**

- चैत्र नवरात्र कल से शुरू– प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के विशेष प्रबंध।

**मनीष गर्ग**

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा है कि कानून में नवीनतम संशोधन के अनुसार, भारत निर्वाचन आयोग ने नए मतदाताओं के लिए रजिस्ट्रेशन के नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अनुसार 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नए वोटर मतदाता सूची में अपना नाम अब जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्तूबर की पहली तारीख को भी दर्ज करवा सकते हैं। शिमला में आज एक बैठक में उन्होंने कहा कि इससे पहले एक जनवरी को ही मतदाताओं का नाम दर्ज किया जाता था। मनीष गर्ग ने कहा कि इन संशोधनों के दृष्टिगत एक अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाता हिमाचल प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनावों में वोट डालने के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने युवाओं को जागरूक करने की आवश्यकता पर पर बल देते हुए कहा कि यह धारणा गलत है कि यदि उन्होंने पंचायत चुनावों के लिए मतदान किया है तो वे लोकसभा या विधानसभा चुनावों में मतदान करने के लिए पात्र हैं, जो सही नहीं है। ऐसे नए मतदाताओं को अपना फोटो पहचान पत्र प्राप्त करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित फार्म–6 भरकर मतदाता सूची में स्वयं को पंजीकृत करना होगा।

## इलैक्शन आईकॉन

राज्य चुनाव विभाग ने मंडी जिला के अपर समखेतर निवासी 44 वर्षीय साईकलिस्ट जसप्रीत पाल को स्टेट इलैक्शन आईकॉन बनाया है। चुनाव विभाग की ओर से प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग और साईकलिस्ट जसप्रीत पाल के बीच आज शिमला में एक समझौता दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए गए। जसप्रीत पाल युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम करेंगे। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से चुनाव आयोग द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जसप्रीत पाल एक उत्साही साईकिल चालक और पेशेवर फोटोग्राफर भी है। इसके अलावा उन्होंने बाल साक्षरता और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में भी अतुलनीय योगदान दिया है। मनीष गर्ग ने कहा कि जसप्रीत पाल ने विभिन्न दुर्गम इलाकों में लगभग 21 हजार किलोमीटर की दूरी साईकिल से तय की है और फायर फॉक्स चेलेंज साईकलिंग चैंपियनशिप जीती है। उन्होंने कहा कि वोट भी करें और फिट भी रहें। इस सोच के साथ जसप्रीत को स्टेट इलैक्शन आईकॉन बनाया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें प्रदेश में मतदाता जागरूकता और जनसंचार के लिए साईकिल रैली आयोजित करने का सुझाव भी दिया। इस अवसर पर जसप्रीत पाल ने कहा कि वे प्रदेश के युवाओं को मतदान के लिए जागरूक करने का काम करेंगे और युवाओं को वोट के महत्व की जानकारी देंगे।

## मुख्यमंत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने पिछले 15 महीने के कार्यकाल में अपनी पांच गारंटियों को पूरा किया है। धर्मशाला में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा सहित आर्थिक व राजनीतिक आपदा का सफलतापूर्वक सामना किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने बिकाऊ नेताओं को अपना प्रत्याशी बनाया है और प्रदेश की जनता इन सभी बिकाऊ नेताओं को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है और जल्द ही पार्टी हाईकमान द्वारा प्रत्याशियों के नाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों के चयन को लेकर अंतिम चरण की चर्चा हो चुकी है और अच्छे व स्वच्छ छवि वाले नेताओं को पार्टी प्रत्याशी बनाया जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा नेता राज्य में सरकार बनाने के झूठे दावे कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अनेक प्रयास किए हैं।

**अनुराग ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय सूचना व प्रसारण, युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर कल 9 अप्रैल से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वे कल कांगड़ा जिले के जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के नंगल चौक में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन में शिरकत करेंगे। बाद में अनुराग ठाकुर गगरेट विधानसभा क्षेत्र के कलोह में भी अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन में भाग लेंगे। अनुराग ठाकुर 10 अप्रैल को हमीरपुर जिले के समीरपुर में विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

**राजीव बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए जारी घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा और देश को विभाजन की कगार पर लाने वाला करार दिया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस जाति व धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का काम करती है और घोषणा पत्र में जातिगत मतगणना के जिक्र से इस बात की पुष्टि होती है। बिंदल ने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में झूठी गारंटियों का पुलिंदा प्रस्तुत किया, इसी तरह अब लोकसभा चुनाव के लिए भी झूठे दावे किए जा रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश के विकास, गरीब कल्याण, युवा उत्थान और भारत को दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनाने के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है।

**प्रतिभा सिंह**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि प्रदेश की चार लोकसभा सीटों के चुनाव सहित 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों के नाम पर दिल्ली में को—आर्डिनेशन कमेटी की बैठक में चर्चा हुई है। दिल्ली से लौटने के बाद शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से केबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह को चुनावी मैदान में उतारने को लेकर पार्टी विचार कर रही है और प्रदेश के सभी पार्टी नेताओं ने इस पर सहमति व्यक्त की है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि हालांकि विक्रमादित्य सिंह का नाम अभी फाइनल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत को टक्कर देने के लिए युवा नेता की आवश्यकता है और विक्रमादित्य सिंह यूथ आइकन ऐसे में क्षेत्र के युवा उनके साथ जुड़ेंगे।

**जयराम**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने अपने नेताओं व विधायकों की अनदेखी की है जिस कारण उन्हें पार्टी छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह पर भाजपा द्वारा बागियों को उकसाने के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि ये सभी वरिष्ठ नेता हैं और कांग्रेस की अनदेखी के चलते ही भाजपा में शामिल हुए हैं और भारतीय जनता पार्टी इन्हें पूरा मान सम्मान दे रही है।

**महेश्वर सिंह**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद महेश्वर सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के पक्ष में एकजुट होकर प्रचार करने का आह्वान किया है। कुल्लू में आज एक बैठक में उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करना है। महेश्वर सिंह ने कहा कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में अधूरे कार्यों को पूरा करवाना उनकी प्राथमिकता है और केंद्र सरकार ने इस संबंध में उन्हें आश्वासन भी दिया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेने का आह्वान भी किया।

**विक्रमादित्य**

मंडी लोकसभा क्षेत्र से लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने को तैयार हो गए हैं। दिल्ली से लौटने के बाद शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान का जो भी आदेश होगा वे उसका पालन करेंगे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से उनकी माता व मौजूदा सांसद प्रतिभा सिंह भी तीसरी बार मण्डी से सांसद हैं। उन्होंने कहा कि उनके पिता व पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह भी मंडी संसदीय क्षेत्र का प्रतिधित्व कर चुके हैं इसलिए मंडी की जनता उनके साथ जुड़ी है। भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत पर निशाना साधते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि चुनाव में हर मुद्दा उठेगा और कंगना रनौत की हार तय है। उन्होंने कहा कि मंडी में जिस तरह का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है उसका हिमाचल के साथ कोई लेना–देना नहीं है। विक्रमादित्य सिंह ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर भी टिप्पणी करते हुए उन्हें सलाह दी कि वे दूसरों को उपदेश न दें।

**नवरात्रे**

चैत्र नवरात्रे कल 9 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं और इसी दिन हिंदू नव वर्ष यानी नव संवत्सर की शुरुआत होती है। नवरात्र को लेकर प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित मां दुर्गा के अन्य ऐतिहासिक मंदिरों में विशेष हवन यज्ञ के आयोजन की तैयारियां कर मंदिरों को रंग–बिरंगे फूलों से शानदार ढंग से सजाया

गया है। कांगड़ा, ऊना और बिलासपुर ज़िलों में स्थित मां दुर्गा के 5 शक्तिपीठों चामुण्डा देवी, बज्रेश्वरी देवी व ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी और नयना देवी में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के भी विशेष प्रबंध किए हैं। मंदिरों के आसपास अतिरिक्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस बीच सिरमौर जिले के त्रिलोकपुर में 9 से 23 अप्रैल तक माता बालासुंदरी चैत्र नवरात्र मेले का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त सुमित खिमटा ने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध पूर कर लिए गए है।

**स्वीप**

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा व निर्वाचन सह भागिता कार्यक्रम–स्वीप के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में चंबा जिला के सनोथा मतदान केंद्र में स्वीप के तहत मिशन 4 सौ 14 को लेकर हस्ताक्षर अभियान, मतदाता जागरूकता व शपथ का आयोजन किया गया। इस दौरान चंबा क्षेत्र के स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अविनाश स्थानीय लोगों, पंचायत प्रतिनिधियों, अध्यापकों, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस बीच जिले के किलाड़ राजकीय महाविद्यालय में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा– भारत निर्वाचन आयोग ने नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए संशोधित दिशा–निर्देश किए जारी।
- राज्य चुनाव विभाग ने मंडी के साइक्लिस्ट जसप्रित पाल को बनाया स्टेट इलेक्शन आइकॉन– युवाओं को मतदान के प्रति करेंगे जागरूक।
- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार– स्वच्छ छवि वाले नेताओं को दिया जाएगा टिकट।

  **और**
- चैत्र नवरात्र कल से शुरू– प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के विशेष प्रबंध।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ– नमस्कार।